भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3170

दिनांक 06.08.2026 को उत्तर के लिए नियत

मुंबई में एमएसएमई का कार्यनिष्पादन

3170. **प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान रोजगार सृजन, निर्यात, नवाचार और स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान के संबध में मुंबई में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के कार्य-निष्पादन का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मुंबई में कार्यरत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को दी गई वित्तीय सहायता, ऋण सहायता, प्रौद्यौगिकी उन्नयन, क्लस्टर विकास और अवसंरचना सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने मुंबई में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रभावित करने वाले वित्त तक पहुंच, अनुपालन लागत, बढ़ते किराये, अवसंरचना संबंधी बाधाओं और कुशल जनशक्ति से संबंधित चुनौतियों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मुंबई में एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने, प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने, बाजार पहुंच को सुगम बनाने और रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (घ): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) मुंबई सहित देश-भर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी स्कीम (सीजीएस-एमएसई), उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) तथा खरीद एवं विपणन सहायता (पीएमएस) स्कीम जैसी विभिन्न स्कीमें क्रियान्वित करता है। इन स्कीमों की आवधिक समीक्षा की जाती है। केंद्रीय क्षेत्र की स्कीमें होने के कारण निधियां राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार आवंटित नहीं की जाती हैं। मुंबई में इन स्कीमों के लाभार्थियों का ब्योरा अनुलग्नक-I में है।

सरकार आवधिक समीक्षा के आधार पर, मुंबई सहित अधिकाधिक एमएसएमई को लाभ पहुंचाने के लिए इन स्कीमों के दायरे और पहुंच का निरंतर विस्तार करती है। मंत्रालय एमएसएमई की वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्कीमें/कार्यक्रम कार्यान्वित करता है। उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी), प्रौद्योगिकी केंद्र तथा राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) के एनएसआईसी तकनीकी सेवा केंद्र (एनटीएससी) संभावनाशील एवं मौजूदा उद्यमियों के लिए उद्यमिता, कौशल विकास और क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रदान करते हैं। खरीद एवं विपणन सहायता (पीएमएस) स्कीम एमएसएमई के लिए बाजार तक पहुंच और बाजार संपर्क सुगम बनाती है।

*****

अनुलग्नक-I

विगत तीन वर्षों के दौरान मुंबई में एमएसएमई स्कीमों की संक्षिप्त प्रगति निम्नानुसार है:

क. **प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी):**

वित्त वर्ष	समग्र	
	सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या	मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख में)
2023-24	57	193.99
2024-25	31	138.84
2025-26	55	192.83

ख. **सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फंड (सीजीटीएमएसई)**

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फंड (सीजीटीएमएसई) के माध्यम से प्रचालित क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस) के अंतर्गत मुंबई में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को प्रदान की गई गारंटियों का ब्योरा निम्नानुसार है:

सीजीटीएमएसई - स्वीकृत गारंटियां - मुंबई							
		वित्त वर्ष 2023-24		वित्त वर्ष 2024-25		वित्त वर्ष 2025-26	
क्र.सं.	जिला	स्वीकृत गारंटियों की संख्या	स्वीकृत राशि (करोड़ रु.)	स्वीकृत गारंटियों की संख्या	स्वीकृत राशि (करोड़ रु.)	स्वीकृत गारंटियों की संख्या	स्वीकृत राशि (करोड़ रु.)
1	मुंबई	14,845	4,276	44,451	11,736	33,406	12,632
2	मुंबई उपनगर	3,525	781	2,080	595	2,976	828
	कुल	**18,370**	**5,056**	**46,531**	**12,332**	**36,382**	**13,460**

ग. **उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी):**

वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक **मुंबई** में ईएसडीपी स्कीम की प्रगति।

क्र.सं.	वित्त वर्ष	मुंबई	
		आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या
1.	2023-24	54	2011
2.	2024-25	100	4286
3.	2025-26	106	4554

घ. <u>खरीद एवं विपणन सहायता (पीएमएस) स्कीम</u>:

पीएमएस स्कीम के घटक 5(I)(क) के अंतर्गत मुंबई में लाभार्थियों की कुल संख्या:

क्र.सं.	वित्त वर्ष	घरेलू व्यापार मेलों की कुल संख्या	मुंबई में कुल लाभार्थी
1.	2023-24	256	1575
2.	2024-25	255	971
3.	2025-26	276	1258